# <u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

## इरेडा ने अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं के सह-वित्तीयन के लिए बैंक ऑफ इंडिया के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए




मुंबई, 22 अगस्त, 2022

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) ने आज, अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए सह-उधार, सह-उत्पादन और ऋण सिंडिकेशन के लिए बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

इरेडा के सीएमडी, श्री प्रदीप कुमार दास और बैंक ऑफ इंडिया के एमडी एवं सीईओ, श्री अतनु कुमार की विशिष्ट उपस्थिति में इरेडा के महाप्रबंधक एवं सीएफओ, डॉ. आर.सी. शर्मा, और बैंक ऑफ इंडिया के महाप्रबंधक, श्री वासु देव द्वारा मुंबई में बैंक ऑफ इंडिया के मुख्यालय में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

यह समझौता ज्ञापन इरेडा और बीओआई को लघु हाइड्रो और इथेनॉल परियोजनाओं सहित अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए सह-उधार देने और सह-उत्पादन के लिए सशक्त करेगा । दोनों संगठन तीन से चार वर्षों की अवधि के लिए इरेडा के उधार के लिए ब्याज दरें निर्धारित करने का भी प्रयास करेंगे।

इरेडा के सीएमडी ने इस सहयोग के बारे में अपनी खुशी व्यक्त की और कहा कि “बैंक ऑफ इंडिया की पूरे देश में हजारों शाखाओं के साथ एक विशाल नेटवर्क है । इस पार्टनरशीप का उद्देश्य हमारे पहुँच का विस्तार करना है, विशेषकर टियर-2 और टियर-3 शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में और हमारे ग्राहकों को विशिष्ट और अभिनव वित्तीय सहायता प्रदान करना है। उन्होंने आगे कहा कि हमें विश्वास है कि एक साथ काम करके, हम अपनी शक्ति का लाभ उठाएंगे और माननीय प्रधान मंत्री, श्री नरेंद्र मोदी की आत्मनिर्भर भारत के विजन और स्वच्छ और हरित भारत के अनुरूप अपने ग्राहकों की सेवा करना जारी रखेंगे।”



